तुझे कितना चाहने लगे हम | By Sanju Baba

मुश्किल में मैं जब भी पड़ा
बाहों में तूने मुझे भर लिया
सबने मुझे ठुकराया था
तूने मुझे अपना लिया
भटका फिरा मैं उम्र भर
फिर मिल गया तेरा ये दर
जबसे देखे हैं तेरे ये नयन
तबसे तेरे दीवाने हुए हम
बस थामे रखना हर कदम
तेरे बिन बाबा कुंभ भी नहीं हम
मेरे बाबा करदो ये करम
तुझे पूजे सातों ही जनम

जबसे तेरी मुझे मिल गयी है शरण
तबसे बदले हैं दिन और मेरे करम
जाने कैसे करें हम तेरा शुक्रिया
तूने एहसान कितना है मुझपे किया
बात दिल की मैंने ये की आगे है अब तेरी मर्ज़ी
तू मेहरबान रहना हर कदम
तुझे पूजे सातों ही जनम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a4%bf%e0%a4%a4%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9a%e0%a4%be%e0%a4%b9%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-by-sanju-baba/